



SHRI JAI PRAKASH AGARWAL

Shri Jai Prakash Agarwal, Chairman, Surya Roshni Group of Industries is an able and successful industrialist. Surya Roshni Limited is a renowned company manufacturing steel pipes, lighting and PVC products which are exported to over 40 countries including USA, Germany, Australia and the Middle East. The company has over 2 lakhs outlets of its products in the country and thus has created a huge number of direct and indirect jobs for the youth. Surya Steel Pipes of very high quality are being exported as well as provided to the Gas and Oil companies in India after thorough and rigorous tests conducted by US Petroleum Companies. Surya Roshni Group has established a world class Research and Development facility which tests and approves new designs in the Energy Saving lighting products for India and abroad. The group has earned the names across the world for its high quality products. Its contribution towards the growth of India's economy is indeed praiseworthy.

2. Born on 10th July, 1951, Shri Agarwal, graduated from the Calcutta University. He was influenced by the teachings of Swami Vivekananda, early on in his life and ever since, he has worked selflessly in the service of others. Besides being an able and successful industrialist, he is a philanthropist to the core, who has devoted his entire life to social causes. Towards this end, in 1992, he established Surya Foundation, an NGO, with a view to promote a greater sense of patriotism and national consciousness among our countrymen. Surya Foundation is active in the fields of Youth Development, Ideal Village Projects (Adarsh Gram Yojana), Development and propagation of Naturopathy & Yoga besides holding Think Tanks related to vital areas of national development. A large campus at Jhinjholi in Haryana-Delhi border has trained thousands of youth over the years. Similar Personality Development Programmes are also conducted at the village level, as a part of the Adarsh Gram Yojna which has benefitted lakhs of youth in the villages.

3. Shri Agarwal is rendering yeoman service under the Ideal Village Programme (Adarsh Gram Yojana) being run by Surya Foundation, in different states, under his inspiring leadership. This project is intended to motivate and mobilise all sections of society to work for the development of their village with emphasis on Employment Generation, Self Help Groups, Empowerment of Women and Tree Plantation Programme. A massive tree plantation drive was undertaken in 2017. Over 2 Crore trees have been planted so far under this ongoing drive. An ardent believer and practitioner of Naturopathy and Yoga, he was deeply influenced by Mahatma Gandhi's views on Naturopathy. He established International Naturopathy Organisation (INO) with a view to promoting and extending the reach of naturopathy to every village in the country. INO has set up branches in numerous states to promote this cost-effective health system all across the country.

4. In addition, under the guidance of Shri Agarwal, Surya Foundation runs Think Tank, comprising domain experts who examine issues of national interest, brainstorm and formulate recommendations which are then made available to the Government and other stake holders. Subjects encompass Defence, Internal Security, International Relations, Railways, Agriculture, Water, Tourism, Power, Education and so on. The Education Think Tank has published books for children of Class-I to V, titled 'Surya Bharati', based on the concept of "One Class - One Book" which besides reducing the weight of school bags, is very useful in the primary stage. Surya Foundation is running Surya Eklavya Sainik School in Gujarat in collaboration with the State Government since 2010. The school, primarily for the tribal children, prepares and equips them to qualify for mainstream higher education and entry into the Defence forces. The school has made a mark for itself.

5. Shri Agarwal has received several awards and honours including the "Gandhi Sewa Award" and the "Agra Rattan Award" for his service to society.





श्री जयप्रकाश अग्रवाल

सूर्या रोशनी ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष, श्री जयप्रकाश अग्रवाल एक सुयोग्य और सफल उद्योगपति हैं। सूर्या रोशनी लिमिटेड, स्टील पाइप, लाइटिंग और पीवीसी उत्पादों का निर्माण करने वाली एक प्रसिद्ध कंपनी है। इसके उत्पाद यूएसए, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और मध्य पूर्व सहित 40 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। कंपनी के पास देश में 2 लाख से अधिक आउटलेट हैं और इनसे युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा हुई हैं। अत्यंत उच्च गुणवत्ता वाले सूर्या स्टील पाइपों को निर्यात किया जा रहा है और साथ ही साथ यूएस पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा किए गए गहन और कड़े परीक्षणों के बाद इन्हें भारत की गैस और तेल कंपनियों को भी मुहैया कराया जा रहा है। सूर्या रोशनी समूह ने एक विश्व स्तरीय अनुसंधान और विकास सुविधा स्थापित की है जो भारत और विदेशों के लिए ऊर्जा की बचत करने वाले प्रकाश उत्पादों के नए–नए डिजाइनों का परीक्षण और उन्हें स्वीकृति प्रदान करती है। समूह ने अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए दुनिया भर में नाम कमाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में इसका योगदान वास्तव में सराहनीय है।

2. 10 जुलाई, 1951 को जन्मे, श्री अग्रवाल ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की। वह स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रभावित थे। उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत से अब तक निःस्वार्थ भाव से सेवाकार्य किया है। एक कुशल और सफल उद्योगपति होने के साथ–साथ, वह एक परोपकारी व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक हित के लिए समर्पित कर दिया है। इस ध्येय के साथ, उन्होंने 1992 में, हमारे देशवासियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना की एक गहरी भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, एक एनजीओ, सूर्या फाउंडेशन की स्थापना की। सूर्या फाउंडेशन युवा विकास, आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय हैं। यह प्रबुद्धजन कार्यक्रमों के आयोजन के अलावा नेचुरोपैथी और योग के विकास और उनके प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। हरियाणा–दिल्ली सीमा पर झिंझोली में स्थित एक बड़े परिसर में अनेक वर्षों के दौरान, हजारों युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। इसी प्रकार, आदर्श ग्राम योजना के एक भाग के रूप में, गाँव स्तर पर व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। इससे लाखों ग्रामीण युवाओं को फायदा पहुंचा है।

3. श्री अग्रवाल अपने प्रेरक नेतृत्व के द्वारा सूर्या फाउंडेशन द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में चलाए जा रही आदर्श ग्राम योजना के तहत निःस्वार्थ सेवा प्रदान कर रहे हैं। इस परियोजना का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए रोजगार सृजन, स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं के सशक्तीकरण और वृक्षारोपण कार्यक्रम पर बल देकर अपने–अपने गांवों के विकास के लिए कार्य करने के लिए समाज के सभी वर्गों को प्रेरित करना और उन्हें एकजुट करना है। 2017 में वृक्षारोपण का महाभियान चलाया गया था। इसके तहत अब तक 2 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए जा चुके हैं। प्राकृतिक चिकित्सा और योग में प्रबल आस्था रखने वाले श्री अग्रवाल महात्मा गांधी के प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी विचारों से काफी प्रभावित थे। उन्होंने देश के प्रत्येक गाँव में प्राकृतिक चिकित्सा मुहैया कराने और उसका विस्तार करने के मकसद से अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन की स्थापना की। अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संगठन ने पूरे देश में इस किफायती स्वास्थ्य प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए कई राज्यों में शाखाएँ खोली हैं।

4. इसके अलावा, श्री अग्रवाल के मार्गदर्शन में, सूर्या फाउंडेशन एक विचार मंच का संचालन करता है, जिसमें ऐसे डोमेन विशेषज्ञ शामिल हैं, जो राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर विचार–मंथन करते हैं और अपनी सिफारिशें देते हैं जिन्हें बाद में सरकार और अन्य हितधारकों को उपलब्ध कराया जाता है। इनमें रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय संबंध, रेल, कृषि, जल, पर्यटन, बिजली, शिक्षा आदि विषय शामिल हैं। शिक्षा संबंधी विचार मंच ने "वन क्लास–वन बुक" की अवधारणा पर आधारित 'सूर्या भारती' शीर्षक से कक्षा 1 से 5 के बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिनसे स्कूल बैग का वजन कम होगा और साथ ही ये प्राथमिक स्तर पर बहुत उपयोगी भी हैं। सूर्या फाउंडेशन 2010 से गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से राज्य में सूर्या एकलव्य सैनिक स्कूल चला रहा है। स्कूल मुख्य रूप से आदिवासी बच्चों के लिए है और यह उन्हें मुख्यधारा की उच्च शिक्षा के लिए तैयार करता है और रक्षा बलों में प्रवेश करने के योग्य बनाता है। स्कूल ने अपनी अलग पहचान बनाई है।

5. श्री अग्रवाल को समाज सेवा के लिए "गांधी सेवा पुरस्कार" और "आगरा रतन पुरस्कार" सहित कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं।